बरेली, रविवार
22 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4 =28

दैनिक जागरण

PAGE NO.9: MIDDLE LEFT

किशोरों में एंग्री यंगमैन की छवि खतरनाक

जागरण संवाददाता, बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंसेज के बाल रोग विभाग एवं यूपी स्टेट इंडियन अकेडमी ऑफ पिडियाट्रिक्स व इंडियन अकेडमी आफ पिडियाट्रिक्स की ओर से किशोर स्वास्थ्य पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने किशोर अवस्था में बच्चों में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि स्कूल एसोसिएशन के चेयरमैन पारुष अरोरा, संस्थान के प्राचार्य डा. जेके गोयल, बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पीएल प्रसाद, डा. अनीता कुमारी, आइएपी यूपी चैप्टर के सचिव डा. अतुल अग्रवाल, डा. प्रीति गलगली, डा. पियाली भट्टाचार्या ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बंगलूरू से आई डा. प्रीति गलगली ने बताया कि किशोर अवस्था में बच्चे अपने दोस्तों के साथ अत्यधिक समय व्यतीत करते हैं। माता-पिता की बातों को अधिक महत्व नहीं देते हैं जिससे बच्चों एवं माता-पिता में जेनरेशन गैप बढ़ रहा है। एसजीपीजीआइ लखनऊ से आईं डा. पियाली भट्टाचार्या ने बच्चो एवं उनके अभिभावकों को सलाह दी कि उन्हें एक दूसरे के प्रति आपसी सामंजस्य पैदा करना चाहिए। आइएपी यूपी चैप्टर के सचिव डा. अतुल अग्रवाल ने अभिभावकों द्वारा किशोरों को समझने, दोस्तों की संगत का असर और क्रोध नियंत्रण के बारे में बताया। बोले, क्रोध दुधारी तलवार है। क्रोध नियंत्रण के तरीके भी बताए। आयोजक अध्यक्ष डा. पीएल प्रसाद ने सभी का धन्यवाद दिया। स्कूल के छात्रों ने पोस्टर भी प्रदर्शित। प्रथम पुरस्कार मानस स्थली स्कूल एवं द्वितीय पुरस्कार बेदी इंटरनेशनल स्कूल को दिया गया। आयोजक सचिव डा. अनीता कुमारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन बाल रोग विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डा. प्रीति लता राय ने किया। इस दौरान प्राचार्य डा. जेके गोयल, डा. निर्मल यादव, बिग्रेडियर डा. एसके हांडा, डा. ललित सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ, स्कूलों के अध्यापक, बच्चे व उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

एसआरएमएस में हुए सेमिनार में पुस्तिका का विमोचन भी किया गया ● जागरण

कार्यक्रम

- एसआरएमएस में किशोर स्वास्थ्य को लेकर सेमिनार का आयोजन
- विशेषज्ञों ने तमाम नई जानकारियों से कराया रूबरू, दी सीख